दिन– मंगलवार दिनांक– 16 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – सरकारी भूमि पर माफिया का अतिक्रमण होने पर उसे चौबीस घंटे के अंदर खाली कराया जायेगा।

02. राज्य सरकार जीविका दीदियों को उद्यम स्थापित करने के लिए सात प्रतिशत ब्याज दर पर दस लाख रुपये तक का ऋण देगी।

03. नवंबर माह में देश में बेरोजगारी दर घटकर चार दशमलव सात प्रतिशत हुई। यह दर पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अप्रैल के बाद से सबसे कम है।

04. और, सीतामढ़ी के पुनौराधाम में मां जानकी के मंदिर निर्माण के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने चयनित एजेंसी को कार्यादेश जारी किया।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि यदि कोई माफिया सरकारी भूमि का अतिक्रमण करता है तो उसे चौबीस घंटे के अंदर खाली कराया जायेगा। गयाजी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने आम लोगों से अतिक्रमण की जानकारी गृह विभाग के साथ साझा करने की अपील की।

———बाइट———

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि जीविका दीदियों को उद्यम स्थापित करने के लिए सात प्रतिशत ब्याज दर पर दस लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। वैशाली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में जीविका दीदी बैंक की स्थापना की जायेगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से जुड़ी जीविका दीदियों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि इसके तहत पहले चरण में उन लाभुकों को चिन्हित किया जाएगा, जिनकी सालाना

आमदनी साठ हजार रुपये या इससे अधिक है। उन्होंने बताया कि चिन्हित जीविका दीदियों की आमदनी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी और उन्हें रोजगार के लिए प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

———————————————————

भारत में इस वर्ष नवंबर में बेरोजगारी दर घटकर चार दशमलव सात प्रतिशत हो गई। यह पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अप्रैल के बाद से सबसे कम है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मासिक श्रम बल और बेरोजगारी आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण बेरोजगारी घटकर तीन दशमलव नौ प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई। शहरी बेरोजगारी घटकर छह दशमलव पांच प्रतिशत हो गई।

———————————————————

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया है कि पिछले ग्यारह वर्ष में देश में सौर ऊर्जा उत्पादन में छियालीस प्रतिशत वृद्धि हुई है। ऊर्जा क्षेत्र में हुए विकास पर श्री गोयल ने नई दिल्ली में कहा कि भारत अब कोयले का चौथा सबसे बड़ा शोधन केंद्र है। उन्होंने पिछले वर्ष एक अरब टन से अधिक कोयले के उत्पादन और आयात में आठ प्रतिशत की कमी का उल्लेख किया। श्री गोयल ने बताया कि पवन ऊर्जा क्षमता अब बढ़कर तिरेपन गीगावाट हो गई है।

———बाइट———

11 वर्षों में बदलाव जितना बड़ा हुआ है और ऊर्जा एक क्षेत्र ऐसा है जो एक सूत्र में आपको बता सकता है मोदी जी की सोच गरीबों तक विकास पहुंचा है। रोजगार के नये अवसर मिले हैं, स्वयंरोजगार को प्रोत्साहन मिला है, मुद्रा योजना की सफलता देखिए, स्वनिधि योजना की सफलता देखिए, स्टार्टअप इंडिया, स्टेंडअप इंडिया की सफलता देखिए।

———————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत बिहार में इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजिटल इको सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए कई ठोस पहल की गयी है। राज्यसभा में सांसद भीम सिंह के एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि एसटीपीआई के केंद्र पटना, भागलपुर और दरभंगा में संचालित हैं। इन केंद्रों पर स्टार्टअप्स को सहायता दी जा रही है। श्री प्रसाद ने बताया कि आईआईटी पटना में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाईन सेंटर स्थापित किया गया है।

———————————————————

सीतामढ़ी के पुनौराधाम में मां जानकी के मंदिर निर्माण के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने चयनित एजेंसी को कार्यादेश जारी कर दिया है। इस परियोजना पर नौ सौ बयालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी। निर्माण कार्य बयालीस महीने में पूरा करने का लक्ष्य है।

---

पटना–गया डोभी पथ को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार ने बताया कि एक सौ तीस किलोमीटर लंबे पथ को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष जून–जुलाई महीने से पौधारोपण का काम शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

बिहार विधानसभा की नवगठित विभिन्न समितियों की कल पटना में बैठक हुई। बैठक में आगे की कार्ययोजना पर विचार–विमर्श किया गया। लोक लेखा समिति ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पदान पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

---

पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक होंगे। वहीं, कृष्ण कुमार ऋषि, कुमार शैलेन्द्र, गायत्री देवी और रत्नेश कुमार सचेतक होंगे। पार्टी ने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को अनुशंसा भेजी है।

---

पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान लगभग दस डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

---

रेलवे ने सोनपुर मंडल के दीघवाड़ा और अंबिका भवानी हॉल्ट के बीच रोड ओवर ब्रिज, आरओबी के निर्माण को मंजूरी दे दी है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वतीचंद्र ने बताया कि इसके निर्माण पर लगभग एक सौ पच्चीस करोड़ की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि यह आरओबी मौजूदा लेवल क्रॉसिंग की जगह लेगा।

---

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम, एनटीपीसी बरौनी का आठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने इस अवसर पर इकाई की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी।

---बाइट---

---

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जनवितरण प्रणाली की चार हजार नौ सौ बयालीस नई दुकानों की डीलरशिप देने का फैसला किया है। इसके लिए अभी दो हजार पांच सौ तिरासी दुकानों के लिए विज्ञापन जारी कर दिये गये हैं। शेष प्रस्तावित दो हजार तीन सौ उनसठ दुकानों के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी किया जाएगा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या जारी कर दी है। मैट्रिक की परीक्षा में पंद्रह लाख बारह हजार नौ सौ तिरेसठ परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, इंटरमीडिएट की परीक्षा में तेरह लाख सत्रह हजार आठ सौ छियालीस परीक्षार्थी भाग लेंगे। दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में अधिक है।

---

ऊर्जा विभाग के पूर्व प्रधान सचिव संजीव हंस को निलंबन मुक्त कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। संजीव हंस धनशोधन के मामले में आरोपी हैं।

---

पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सुरेश प्रसाद सिंह और लेखा लिपिक शशिभूषण कुमार को रिश्वत लेने का दोषी पाया है। अदालत ने दोनों को चौदह लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में

चार–चार साल कारावास की सजा सुनाई है। सुरेश प्रसाद सिंह पर पांच लाख रुपये और शशिभूषण कुमार पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

---

आर्थिक अपराध इकाई ने प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक करने वाले संजीव मुखिया गिरोह के एक सदस्य चंदन कुमार को पटना के अगमकुंआ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश कर बेऊर जेल भेज दिया गया।

---

पटना सिटी की कुख्यात अपराधी सुमन देवी को पुलिस ने धवलपुरा से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर हत्या और शराब तस्करी के ग्यारह मामले दर्ज हैं।

---

सुपौल के पिपरा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पिता–पुत्र की मौत हो गई। हादसे में घायल एक अन्य युवक का दरभंगा में इलाज चल रहा है।

---

साइबर ठगी के जरिए करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने के मामले में पुलिस ने पूर्णिया जिले के डिमिया छतरजान पंचायत के श्रीनगर सहनी टोला निवासी दीपक मंडल और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है।

---

एफसीआई से सस्ते मूल्य पर अनाज दिलाने के नाम पर एक कारोबारी से लगभग दो करोड़ रुपये ठगी करने के आरोप में पुलिस ने राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप देव को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र से हुई है।

---

गया जंक्शन पर नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन से आरपीएफ की टीम ने छिहत्तर कछुए बरामद किये हैं। बरामद कछुए का अनुमानित मूल्य अड़तीस लाख रुपये बताया जाता है।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने तीन स्वर्ण सहित चार पदक अपने नाम किये हैं।

पटना के दानापुर में आरपीएफ की शूटिंग प्रतियोगिता की आज से शुरूआत होगी। ये प्रतियोगिता बीस दिसम्बर तक चलेगी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – नितिन नवीन ने संभाली कमान, दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में अभिनंदन। संजय सरावगी बिहार भाजपा के नये अध्यक्ष।

**दैनिक जागरण** ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है – पति और पत्नी का लंबे समय तक अलग रहना क्रूरता।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र के नवलपुर मिसरौलिया गांव में तीन बेटियों के साथ फंदे से झूल गया पिता, वजह– आर्थिक तंगी।

**प्रभात खबर** लिखता है – केंद्र सरकार की योजना मनरेगा को निरस्त कर एक सौ पच्चीस दिन रोजगार वाला नया कानून लाने की तैयारी। जी रामजी से आठ करोड़ मजदूरों को मिलेगा पच्चीस दिन ज्यादा रोजगारं

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – श्रीराम जन्मभूमि के नेता रहे रामविलास वेदांती का निधन।

**आज अखबार** लिखता है – एक हजार दो सौ तिरासी आयुष चिकित्सकों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – सरकारी भूमि पर माफिया का अतिक्रमण होने पर उसे चौबीस घंटे के अंदर खाली कराया जायेगा।

02. राज्य सरकार जीविका दीदियों को उद्यम स्थापित करने के लिए सात प्रतिशत ब्याज दर पर दस लाख रुपये तक का ऋण देगी।

03. नवंबर माह में देश में बेरोजगारी दर घटकर चार दशमलव सात प्रतिशत हुई। यह दर पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अप्रैल के बाद से सबसे कम है।

04. और, सीतामढ़ी के पुनौराधाम में मां जानकी के मंदिर निर्माण के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने चयनित एजेंसी को कार्यादेश जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।